**D 113498** **(Pages : 3)** **Name.......................................**

**Reg. No...................................**

# FIRST SEMESTER (CUFYUGP) DEGREE EXAMINATION NOVEMBER 2024

Hindi

HIN1FA102(1) AEC2—HINDI BHASHA MEIN SANCHAR AUR RACHANATMAK LEKHAN KA VIKAS—BHAG I

(2024 Admission onwards)

Time : One Hour and a Half Maximum : 50 Marks

## खंड क

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का 2 अंक है । अधिकतम 16 अंक मिल सकते है

1 भारतीय संविधान को पूर्ण रूप से तैयार करने में कितने वर्ष, कितने माह और कितने दिन का समय लगा था ?

2 भारतीय संविधान के मसौदा निर्माण केलिए समिति कब गठित हुई ? इसके कितने सदस्य थे ? इसके अध्यक्ष कौन थे ?

3 प्रेमचन्द की किन्हीं आठ कहानियों के नाम लिखिए ।

4 परदेशी कहानी के रचयिता कौन है ? इसकी विषयवस्तु क्या है ?

5 'आखिरी पड़ाव के पहले' किस विधा की रचना है ? इसका मुख्य संदेश क्या है ?

6 निम्नलिखित खंड से कर्ता, कर्म, क्रिया और कारक को चुनिए :

जब भैया लंच में घर आए तो सीधे पिताजी के कमरे में गये । सबसे पहले पल्स ओक्सीमीटर को निहारे । खाने पीने की जानकारी ली फिर पिताजी की ओर मुखातिब हुए ?

7 निम्नलिखित खंड से संज्ञा, सर्व नाम और विशेषण को चुनकर लिखिए :

पकौड़ा बहुत गर्म था । रिचर्ड कुरसी से उछला और पकौड़ा मुंह से बाहर निकला, बच्चों की तरफ देखकर हंसा, 'सोरी' उसने कहा फिर पकौड़े को फूंक फूंककर मुंह में डाला ।

8 अंग्रेज़ी से हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

(a) It is useful to take exercise daily.

(b) Was it raining when you came out ?

(c) We were not in the Park.

(d) There is a good story in this book.

**Turn over**

9 वाक्य संशोधन :

(क) आप आज दिल्ली जाएगा ।

(ख) लड़की तेजी दौड़ रही है ।

(ग) मैंने एक कहानी पढ़ा।

(घ) गोपाल ने काम की ।

10 वार्तालाप तैयार कीजिए :

''दुनिया कहेगी कि भगतजी ने बेटों को बहुत पढ़ाया, बेटियों को नहीं'' आखिरी पड़ाव के पहले पाठ के इस संवाद को आगे बढ़ाइए ।

(16 marks)

**खंड ख**

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का 6 अंक है, अधिकतम 24 अंक मिल सकते हैं :

11 समय के साथ

इसका

मैं दूंगा माकुल जवाब

मेरी जगह

पढ़ेंगे मेरे बच्चे

जरूर ।

किस कविता की पंक्तियां हैं ? भावार्थ लिखिए ।

12 आज मुझे विश्वास हो गया, पंच की जुबान से खुदा बोलता है—पाठ कौन-सा है ? कौन-सा पात्र किस संदर्भ में कहता है ?

13 शशि किरणों से उतर उतरकर

भू पर काम रूप नभचर

चूम नवल कलियों का मृदु मुख

सिखा रहे थे मुस्काना ।

—आस्वादन टिप्पणी लिखिए ।

566582



14 हिन्दी से अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए :

अलगु : (शांत चित्त) जुम्मन मियां, तुम्हारी खाला ने
तुम्हें कितनी जमीन दान में दी थी ?

जुम्मन : तीन बीघा

अलगु : जमीन रजिस्ट्री करवाने से पहले तुमने खाला से लंबे चौड़े वायदे किए थे ?

जुम्मन : किये थे ।

अलगु : क्या क्या वायदे किए थे ?

जुम्मन : यही कि, खाला को कोई तकलीफ़ न होगी ।
जब जो ख़ाने का जी चाहे, खा सकती है ।

15 संक्षेपण कीजिए :

साहित्य का आधार जीवन है । इसी नींव पर साहित्य की दीवार खड़ी है । उसपर अटारियां, मीनार गुम्बद बनते हैं । लेकिन बुनियादें मिट्टी के नीचे दबी पड़ी रहती है जिन्हें देखने को भी जी नहीं चाहता । जीवन परमात्मा की सृष्टि है, इसलिए अनंत और अगम्य है । साहित्य मनुष्य की सृष्टि है, इसलू सुगम, सुबोध और मर्यादाओं से सीमित है । जीवन परमात्मा को अपने कार्यों का जवाबदेह है या नहीं ! मुझे नहीं मालूर लेकिन, साहित्य तो मानव के समक्ष जवाबदेह हैं । इसके लिए नियम है, जिससे वह इधर-उधर नहीं हो सकता । जीवन का उद्देश्य ही आनंद है । मनुष्य जीवन पर्यंत आनंद की खोज में रहता है, किसीको वह रत्न, द्रव्य में प्राप्त होता है, किसी को अपने भरे पूरे परिवार में, किसीको ऐश्वर्य में लेकिन साहित्य का आनन्द इस आनंद से ऊंचा है, उसका आधार सुंदर और सत्य है । वास्तव में सच्चा आनंद सुंदर और सत्य से प्राप्त होता है । उसी आनंद को दर्शाना तथा उत्पन्न करना साहित्य का उद्देश्य है । ऐश्वर्य या भोग के आनंद में ग्लानि छिपी रहती है, पश्चाताप भी होता है । पर सुंदर से जो आनंद प्राप्त है वह अखंड है—अमर है ।

(24 marks)

## खंड ग

III. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए प्रत्येक प्रश्न का 10 अंक है :

16 'पंच परमेश्वर' की कथा वस्तु लिखकर उसके शीर्षक के औचित्य पर विचार कीजिए ।

17 'आख़िरी पड़ाव के पहले' पाठ के प्रमुख पात्रों का चरित्र चित्रण कीजिए ।

($1 \times 10 = 10$ marks)

566582